# पोल्ट्री उद्योग ने उम्मीदों के द्वार खोले : प्रो. दिनेश शर्मा

- आईजीपी में इंडियन पोल्ट्री एक्सपो शुरू
- अंडा उत्पादन में देश का दुनिया में तीसरा स्थान

लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता। राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आज कुक्कुट पालन को बढ़ावा मिला है। कोई व्यक्ति कुक्कुट पालन के लिए जमीन लेता है तो उसे रजिस्ट्री और बिजली में छूट मिलेगी। इससे प्रदेश में पोल्ट्री उद्योग न सिर्फ उद्यमियों बल्कि किसानों के लिए भी उम्मीदों के नए द्वार खोल रहा है।

सांसद मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तीन दिवसीय इंडियन पोल्ट्री एक्सपो के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। डॉ. शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश की कुक्कुट उत्पादन पॉलिसी का अनुसरण अन्य प्रदेशों के लोग कर रहे हैं। पहले अंग्रेजों के समय छोटे-छोटे खिलौने बना लेते थे। मुर्गी पालन लोकप्रिय लघु उद्योग के रूप में पूरे भारतवर्ष में बढ़ा है। इससे भारत जल्द अंडों के निर्यात का हब बनेगा। उन्होंने कहा कि आज यूपी ऐसा प्रदेश है, जहां मुर्गी पालन के लिए प्रोत्साहन के साथ-साथ कंज्यूमर्स यानी उपभोग करने वाले लोग हैं। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले उत्तर प्रदेश माफियायों का प्रदेश माना जाता था, अब उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन गया है। कॉलेज ऑफ वेटेनरी साइंस मथुरा के पूर्व डीन डा. पीके शुक्ला ने कहा कि भारत में मुर्गियों की संख्या लगभग 850 मिलियन है। अंडे उत्पादन की दृष्टि से हम विश्व में तीसरा स्थान रखते हैं। आज की तारीख में 130 बिलियन अंडे उत्पादन करते हैं और यह विश्व में पांचवा स्थान है। इन सभी चीजों में उत्तर प्रदेश की महत्त्वपूर्ण भूमिका है।